संपादकीय

# नेपाल में भू-राजनीतिक होड़

चीन की बढ़ी ताकत और उसे नियंत्रित करने की अमेरिकी कोशिश ने दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को विश्व शक्ति समीकरणों का मुख्य मंच बना दिया है। इसके बीच छोटे से छोटे देश की अहमियत बन गई है। नेपाल को भी उसका फायदा मिल रहा है।

यह बात नेपाल के टीकाकार भी कहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में आज उनके देश को जितना महत्त्व मिल रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। संभवतः इसकी वजह यही रही होगी कि पहले कभी दुनिया का यह हिस्सा भू-राजनीतिक होड़ का वैसा केंद्र नहीं था, जैसा इस समय बन गया है। चीन की बढ़ी ताकत और उसे नियंत्रित करने की अमेरिकी कोशिश ने दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को विश्व शक्ति समीकरणों का मुख्य मंच बना दिया है। इसके बीच छोटे से छोटे देश की अहमियत बन गई है। नेपाल को भी फिलहाल उसका फायदा मिल रहा है, हालांकि लंबे समय इस क्षेत्र के हर देश के सामने यह तय करने की चुनौती आएगी कि वह किसके साथ है। फिलहाल नेपाल में कम्युनिस्ट प्रभाव वाली सरकार बनने के बावजूद अमेरिका ने उसे अपने पाले में लाने की कोशिशों में कोई ढील नहीं दी है। जबकि आम धारणा है कि हालिया घटनाक्रम से स्थितियां चीन की तरफ झुकी हैं।

बहरहाल, अमेरिकी अधिकारियों का नेपाल दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मुताबिक जारी है। यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूसएड) की प्रशासक समांत पॉवर इस मंगलवार को यहां पहुंचीं। इसी बीच यह जानकारी सामने आई कि अगले हफ्ते अमेरिका की उप सहायक विदेश मंत्री आफरीन अख्तर यहां आएंगी। इसके कुछ दिन पहले ही अमेरिका की राजनीतिक मामलों की उप मंत्री विक्टोरिया नुलैंड ने काठमांडू की यात्रा की। उन्होंने यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बातचीत की थी। उस दौरान उन्होंने नेपाल के नेताओं को आगाह किया कि पड़ोसी देशों से संबंध बनाते समय उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। खास कर ऐसा आर्थिक मामलों में करना चाहिए। स्पष्टतः नुलैंड का इशारा चीन की तरफ था। हाल ही में अमेरिकी पत्रिका फॉरेन पॉलिसी में छपे एक विश्लेषण में अमेरिकी रणनीति में नेपाल के बढ़ते महत्त्व की चर्चा की गई है। इसमें कहा गया कि चीन के साथ बढ़ती होड़ के कारण अमेरिका ने अपनी रणनीति में नेपाल को खास लक्ष्य बना लिया है। आम समझ है कि फॉरेन पॉलिसी पत्रिका में छपे विचार आम तौर पर अमेरिका की रणनीतिक सोच के अनुरूप होते हैं।

# उत्तर प्रदेश में ई मोबिलिटी के क्षेत्र में निवेश की प्रचुर संभावनाएं : गडकरी

**लखनऊ।** केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रचुर जल संसाधन, ऊर्जा, मानव संसाधन और शानदार कनेक्टिविटी आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी है और यही कारण है कि यहां ई मोबिलिटी के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होने कहा कि ई-मोबिलिटी के सेक्टर में उत्तर प्रदेश में निवेश कर उद्यमी पर्यावरण संरक्षण, रोजगार निर्माण और गरीबी दूर करने में भागीदारी बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भागीदार बन सकते हैं। उत्तर प्रदेश में पहली बार औद्योगिक विकास, कृषि विकास चलाने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृष्टि (विजन) उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी। उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सर्वोत्तम गंतव्य है।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दूसरे दिन 'ई-मोबिलिटी, व्हीकल्स एंड फ्यूचर मोबिलिटी' विषय पर आयोजित सत्र में श्री गडकरी ने कहा आप किसी को आंखें दान कर सकते हैं, विकास की दृष्टि नहीं दान कर सकते। गरीबी दूर करने के लिए रोजगार निर्माण करना होगा और रोजगार निर्माण के लिए उद्योग और पूंजी निवेश की आवश्यकता होगी। पूंजी निवेश होगा तो उद्योग लगेंगे, उद्योग लगेंगे तो रोजगार बढ़ेगा और रोजगार बढऩे से गरीबी दूर होगी। इसी विजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है। उनका यह प्रयास अप्रोप्रिएट हाईवे पर है। एक्सप्रेस हाईवे पर योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की गाड़ी फुल स्पीड से दौड़ रही है। उनके प्रयास से उत्तर प्रदेश को भुखमरी, गरीबी और बेरोजगारी से पूर्ण मुक्ति मिलेगी।



उन्होंने कहा कि श्री योगी ने टेक्नो इन्वेस्टर्स के लिए रेड कारपेट बिछा रखा है। ऐसे में निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश करने का सुनहरा अवसर है। पारदर्शिता, समयबद्ध निर्णय, सत्ता का विकेंद्रीकरण, व सकारात्मकता का प्रतिबिंब योगी सरकार दिखता है।

श्री गडकरी ने कहा कि भारत 16 लाख करोड़ रुपये का एनर्जी (पेट्रोल, डीजल, गैस) का आयात करता है। यह 16 लाख करोड़ रुपए देश के बाहर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश को ऊर्जा का आयात करने वाला नहीं बल्कि निर्यात करने वाला देश बनाना है। ऊर्जा निर्यातक देश बनाने के इस परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक संभावना उत्तर प्रदेश में है।

उन्होने कहा कि ऑटो मोबाइल सेक्टर में देश का टर्नओवर 7.8 लाख करोड़ है। विश्व के सभी ब्रांड यहां मौजूद हैं। देश में चार करोड़ लोगों को रोजगार भी इसी इंडस्ट्री से मिलता है। देश और राज्यों को जीएसटी से सर्वाधिक राजस्व भी यही इंडस्ट्री देती है। हमारा लक्ष्य अगले 5 साल में देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का टर्नओवर 15 लाख करोड़ के आंकड़े पर पहुंचाना है। समयानुकूल प्रौद्योगिकी से इसे हासिल करने में सफलता भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सर्वाधिक यंग टैलेंटेड इंजीनियरिंग मैन पावर हिंदुस्तान में है। हमारे देश के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पूरी दुनिया में मांग है।

ई व्हीकल्स की विकास की चर्चा करते हुए गडकरी ने कहा कि आज इलेक्ट्रिक कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक ट्रक, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर इलेक्ट्रिक जेसीबी और इलेक्ट्रिक कंस्ट्रक्शन उपकरण सब कुछ बन रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपये का रोड बनाने में 100 करोड़ रुपये डीजल पर खर्च हो जाते हैं। जबकि ई मशीनरी से यह खर्च सिर्फ 10 करोड़ होगा और 90 करोड़ रुपये बचेंगे। ऐसा होने पर हमारे कार्य बिलो टेंडर होने लगेंगे।

केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए अद्यतन प्रौद्योगिकी, आर्थिक सम्भाव्यता, कच्चा माल व बाजार की उपलब्धता महत्वपूर्ण घटक होते हैं। हमारे पास बाजार की कोई कमी नहीं है। अभी देश मे 30 करोड़ वाहन हैं। 10 साल बाद जनसंख्या कम और वाहनों की संख्या अधिक होगी। परिवार में तीन सदस्य होंगे तो वाहनों की संख्या पांच होगी।

उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग में लागत भी कम हो रही है। इसके लिए स्क्रेपिंग नीति लाई गई है। 15 लाख वाहनों को स्क्रैप करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बजट में राज्य सरकारों को भी स्कीम लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वह पुरानी गाडिय़ों को भंगार में डाल दें। गडकरी ने कहा कि यदि 45 लाख पुराने वाहन स्क्रैप होंगे तो ऑटोमोबाइल कंपोनेंट 30 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे।

गडकरी ने बताया कि अभी देश को अल्युमिनियम, रबर, प्लास्टिक आदि का आयात करना पड़ता है। आयात से अल्युमिनियम 145 रुपये किलो पड़ता है जबकि भंगार से 80 रुपये किलो मिल जाता है। कच्चा माल सस्ता होगा तो ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश बढ़ेगा। उन्होंने एक जिले में तीन स्क्रैप यूनिट खुलने की संभावना जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि वे स्क्रेपिंग, टेस्टिंग यूनिट और ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर का क्लस्टर बनाएं, उनका मंत्रालय पूर्ण सहयोग देगा।

उन्होने बताया कि अभी देश में 20.8 लाख इलेक्ट्रिक वाहन हैं। 2021 की तुलना में इसमें 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक देश मे इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दो करोड़ करने का है और इसमें 50 लाख सरकारी वाहन होंगे।

## एलन मस्क देने जा रहे कई शख्सीयतों को झटका, ट्विटर से हटेंगे पुराने लीगेसी ब्लू टिक

**नई दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म टिवट्र के बॉस मस्क ने संकेत दिया है कि लीगेसी ब्लू टिक यानी जिनकी प्रोफाइल पर पहले से ब्लू टिक है, उसे जल्द हटा लिया जाएगा। लिगेसी ब्लू चेक ट्विटर का सबसे पुराना मॉडल और पहला वेरिफिकेशन मॉडल था जिसके तहत कंपनी ऑर्गेनाइजेशन, न्यूज ऑर्गेनाइजेशन, पत्रकार, स्पोर्ट्स कंपनियां, सरकार आदि सभी तरह के लोगों को ब्लू टिक देती थी, लेकिन अब एलन मस्क इसमें बदलाव कर रहे हैं। अब केवल उन लोगों को ब्लू टिक मिलेगा जो ट्विटर ब्लू का सब्सक्रिप्शन लेंगे। अब सवाल यह पैदा होता है कि जिन शख्सीयतों ने पहले से ट्विटर ब्लू हासिल किया हुआ है क्या उनका ब्लू टिक हट जाएगा। एक ट्विटर यूजर ने मस्क को टैग करते हुए लिखा, डियर एलन मस्क ब्लू वेरिफिकेशन मार्क अब मजाक बन गया है। पहले ब्लू टिक वेरिफिकेशन केवल ऐसे लोगों को दिया जाता था जो सार्वजनिक हस्तियां और राजनीतिक हस्तियां थीं लेकिन दुख की बात है कि आज कोई भी टॉम डिक और हैरी वैरिफाइड हो जाता है।

# यूपी जल्द होगा 21 हवाई अड्डों वाला राज्य : सिंधिया

**लखनऊ।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले छह सालों में सिविल एवियेशन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगायी है। प्रदेश में आज नौ हवाई अड्डे क्रियाशील हैं जबकि 10 नए एयरपोर्ट का निर्माण कार्य जारी है और दो के लिये जमीन तलाशी जा रही है।



ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दूसरे दिन नागरिक उड्डयन सेक्टर के निवेशकों को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने यूपी को निवेश के लिए सबसे अनुकूल स्थान बताते हुये कहा कि छह साल में यूपी में जिस तरह से कार्य हुआ, वो सभी को चौंका रहा है। रोड कनेक्टिविटी की बात हो या सिविल एविएशन की, यूपी ने हर क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। जिस प्रदेश में कभी मात्र दो एयरपोर्ट हुआ करते थे, वहां आज नौ हवाईअड्डे क्रियाशील हैं। 10 नए एयरपोर्ट बन रहे हैं, इसके अलावा दो एयरपोर्ट के लिए जमीन देखने का काम शुरू हो गया है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट वाला प्रदेश बनने जा रहा है। इस तरह उत्तर प्रदेश सिविल एविएशन के सेक्टर में निवेश के लिए सर्वाधिक पसंदीदा स्थल हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के एयरलाइंस सेक्टर का प्रजातांत्रिकरण हुआ है।

उन्होने कहा कि अयोध्या, काशी और मथुरा की इस भूमि ने हमेशा से भारत को नई राह दिखाई है। उत्तर प्रदेश भारत के विकास में हरदम प्राथमिकता रखता था और रखता रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का कायाकल्प हो चुका है।

इस अवसर पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश में सिविल एविएशन का क्षेत्र असीम संभावनाओं वाला है। आने वाले समय में प्रदेश में 21 एयरपोर्ट होने वाले हैं। इनमें से 16 घरेलू और पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होंगे।

# वैश्विक स्तर पर दुग्ध उत्पादन में अहम भूमिका निभा सकता है यूपी : रूपाला

**लखनऊ।** केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि उत्तर प्रदेश वैश्विक स्तर पर दुग्ध उत्पादन में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है।

श्री रूपाला ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दूसरे दिन कहा कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन पूरे देश में सबसे अधिक होता है। ऐसे में टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके उत्तर प्रदेश वैश्विक स्तर पर दुग्ध उत्पादन में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश डेयरी और पशुपालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं वाला प्रदेश बनकर उभरा है।

उन्होने कहा कि जहां कानून व्यवस्था सुदृढ़ होती है वहीं निवेशक आते हैं और आज यह बात जीआईएस-23 के कार्यक्रम को देखकर सौ प्रतिशत सही साबित होती है। यहीं नहीं सीएम योगी कानून व्यवस्था को लेकर पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। उन्होंने निवेशकों से बिना किसी संदेह के यहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया क्योंकि उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में मां गंगा बहती हों वहां किसी चीज की कमी नहीं हो सकती है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश को मार्च में पांच सौ मोबाइल वैटनरी यूनिट देने की घोषणा की।

प्रदेश के कैबिनेट मिनिस्टर धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश अगले 4-5 वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनने की ओर तीव्र गति से बढ़ रहा है। राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है, इससे स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश भारत के 5 ट्रिलियन डालर के लक्ष्य को पूर्ण करने में बहुत बड़ा योगदान देने जा रहा है। आज अधिकांश निवेशक प्रदेश में निवेश करना पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि आज उत्तर प्रदेश को रिकॉर्ड तोड़ निवेश मिल रहे हैं।

उन्होने कहा कि सरकार ने बैकिंग क्षेत्र में पुनर्जीवीकरण और गवर्नेस से जुड़े ऐसे कई सुधारों के साथ निवेश की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए कई नवीन नीतियां को लागू किया है, जिसमें से उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 प्रमुख है, जिसका आप सब निवेशक लाभ उठाकर डेयरी सेक्टर के जरिये कई गुना ज्यादा लाभ कमा सकते हैं।

इससे पहले एसीएस डॉ. रजनीश दुबे, मिल्क कमिश्नर सुशील भूषण लाल सुशील ने योगी सरकार की डेयरी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए लाई गई न्यू पॉलिसी के बारे में विस्तार से बताया।

## भारत में पहली बार हुई फॉमुर्ला-ई-रेस, दिग्गज खिलाड़ी जीन एरिक ने जीता खिताब




**नई दिल्ली।** डीएस पेंसके के अनुभवी ड्राइवर जीन एरिक वर्गेन ने हैदराबाद ई प्री में जीत हासिल की। इस फॉर्मूला ई रेस से भारत में शीर्ष स्तर की मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता की सफल वापसी हुई। इस 33 लैप की इलेक्ट्रिक रेस में वर्गेन को एन्विसन रेसिंग के निक कैसिडी से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह आखिर में उन्हें पीछे छोडऩे में सफल रहे। जब वर्गेन फिनिशिंग लाइन के पास पहुंचे तब उनकी गाड़ी में केवल 0।5प्रतिशत एनर्जी बची हुई थी।

पोर्श के एंटोनियो फेलिक्स दा कोस्टा ने तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें सेबेस्टियन बइमी पर लगे 17 सेकेंड के जुर्माने का फायदा मिला। अपनी पहली घरेलू रेसिंग में भाग ले रही महिंद्रा रेसिंग को ओलिवर रोलैंड ने एक अंक दिलाया। वह दसवें स्थान पर रहे। जीत के बाद वर्गेन ने कहा, 'मैं अपनी टीम के लिए काफी खुश हूं। ये तीन रेस काफी मुश्किल थीं। मुझे अपनी टीम पर गर्व है जिन्होंने हार नहीं मानी। हमारे पास अच्छी गाड़ी है। ये फिलहाल शायद बेस्ट नहीं है लेकिन हम इस बार और काम करेंगे।'

आयोजकों के लिए इस रेस का आयोजन करना आसान नहीं था। उनके पास समय की काफी कमी थी। पिछले साल नवंबर में ही ऐलान किया गया था कि हैदराबाद में ई रेस का आयोजन किया जाएगा। सरकार और आयोजकों ने इसके बाद जी जान लगाकर इस इवेंट का सफल आयोजन किया।

## दीपिका-प्रभास की प्रोजेक्ट के दो भागों में होगी रिलीज, बाहुबली की तर्ज पर बन रही फिल्म



दीपिका पादुकोण और प्रभास जल्द ही पैन इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट के में दिखेंगे। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि इसके जरिए दीपिका-प्रभास पहली बार साथ काम कर रहे हैं, वहीं फिल्म में अमिताभ बच्चन भी हैं, जो इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाते हैं। अब खबर है कि यह फिल्म बाहुबली की तरह भव्य होगी और इसे भी दो भागों में रिलीज करने की योजना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोजेक्ट के को बनाने की निर्देशक की सोच बहुत बड़ी है, जिसके चलते इसे दो भागों में रिलीज करने का फैसला किया गया है। यह बाहुबली की तरह होगी और भारतीय सिनेमा की बड़ी फिल्म होगी। वैजयंती मूवीस फिल्म का निर्माण कर रही है, जिसके सिनेमा निर्माण में 50 साल पूरे हो रहे हैं। पहले भाग की शूटिंग पूरी हो गई है। फिलहाल दूसरे भाग की शूटिंग की जा रही है। दोनों अलग-अलग समय पर रिलीज होंगे।

मूल रूप से यह तेलुगु में बन रही है, जिसे ना सिर्फ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में, बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी रिलीज करने की योजना है। इस फिल्म में अमिताभ की भूमिका महाभारत के अश्वत्थामा से प्रेरित है, वही प्रभास एक सुपरहीरो के किरदार में नजर आएंगे।

## अदिति देव शर्मा ने कथा अनकही में हर गुजरते दिन के साथ नई परतें खोलीं



कथा अनकही की अभिनेत्री अदिति देव शर्मा ने शो में अपने ऑन-स्क्रीन चरित्र कथा के आघात और सदमे के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कैसे कथा सदमे और दर्द से बाहर आने की कोशिश कर रही है लेकिन फिर से उसे अपने जीवन में इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

शो में फिलहाल वियान (अदनान खान) कथा और उसके इरादों को समझने की पूरी कोशिश करता नजर आ रहा है और दोनों एक प्रोजेक्ट मीटिंग के लिए दुबई में होंगे। वर्तमान ट्रैक में कथा के चरित्र से गुजर रहे सदमे के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री अदिति ने साझा किया, कथा पहले से ही अपने जीवन की सबसे अंधेरी रात के आघात से बाहर आने की कोशिश कर रही है, जहां उसे अपने स्वाभिमान को छोडऩा पड़ा, अपने बेटे के लिए पैसों का इंतजाम करने के लिए।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन मनोनुकूल होगा। थकान या हरारत का असर अवश्य रहेगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वाभिमान में वृद्धि होगी। आनाज तिलहन में निवेशादि लाभप्रद रहेंगे।

***वृष :*** आज का दिन आप के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कई जरूरी डील और नये रिश्ते आज जुडऩे वाले है। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। कई दिनों से जो बात आप कहना चाह रहे थे, आज कहने का अवसर मिल सकता है। रुके कार्यों में आप के राजनितिक संबंध का लाभ मिलेगा।

***कर्क :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता और समझदारी से लोग खुश होंगे। आर्थिक लाभ होगा। आप जो भी करें पहले किसी अनुभवी से राय लें फिर किसी कार्य की शुरुआत करें। खोई हुई वस्तु मिल सकती है।

***सिंह :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कार्य के कारण जीवन थोड़ा व्यस्त रहेगा। कार्यस्थल पर अनुकूल माहौल मिलेगा। जीवनसाथी का सहयोग कर पाओगे व मिलेगा। कोई धार्मिक अनुष्ठान कर सकते हैं।

***कन्या :*** आज आपका दिन आपके पक्ष में रहेगा। लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। वाहन खरीदने का मन बनेगा। मांगलिक कार्य की रूपरेखा बनेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। धर्म में रुचि बढ़ेगी।

***तुला :*** आज आपका दिन मंगलमय होगा। नई योजना सफल होगी। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए परिजनों से आर्थिक सहायता लेनी होगी। वाहन, मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। दोस्तों से अनबन समाप्त होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। अचानक धन लाभ होगा। कोर्ट-कचहरी आदि में धन लगेगा। बाहरी सहयोग मिलेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। राजनीति में आप अपना हुनर आजमा सकते हैं। सफलता के योग हैं। वैवाहिक रिश्तों के लिए की गई यात्रा सफल रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

***मकर :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। सभी को साथ में लेकर चलें। वाहन पर खर्च होगा। व्यवसायिक नई योजना से लाभ होगा। पार्टी-का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करने में सफल होंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट दूर होंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। नए लोगों से संपर्क होगा। आर्थिक लाभ के अवसर आयेंगे। विदेश जाने में आ रही रुकावट दूर होगी। मित्रों से संपर्क मजबूत होगा।

***मीन :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप जो करना चाहते हैं उसके पहले रणनीति तैयार करें। अपनी सूझ-बूझ से रुके काम पूरे करवा लेंगे। आप क्रोध बहुत करते हैं, संयत रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी।

## ब्रेकफास्ट में बनाएं मसाला फ्रेंच टोस्ट

मसाला फ्रेंच टोस्ट सुबह के नाश्ते के लिए एक बेहतरीन, कुरकुरा और स्वादिष्ट ऑप्शन हैं। टोस्ट को केचप या हरी धनिया-पुदीना की चटनी के साथ परोसिये और खाइये।



### सामग्री :

-2 अंडे 6 बड़े चम्मच दूध, 1/2 छोटा चम्मच नमक, 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर (या अधिक अगर आप गर्मी ले सकते हैं), 1/4 छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर, 1 छोटा टमाटर, 1 छोटा प्याज, 2-3 हरी मिर्च (या आपके मसाले की सीमा के अनुसार), धनिया की कुछ टहनी, चाट मसाला छिड़कने के लिये, तवा तलने के लिए मक्खन (आप तेल भी इस्तेमाल कर सकते हैं)

### विधि :

1. सबसे पहले हरी मिर्च, हरा धनिया, प्याज और टमाटर को बारीक काट लें। अच्छी तरह मिलाकर एक तरफ रख दें।
2. अब ब्रेड स्लाइस को तिरछा आधा काट लें। आपको 8 त्रिकोण स्लाइसेज मिलेंगे।
3. एक मिक्सिंग बाउल में अंडे तोड़ लें। अंडे फेंटते समय दूध, नमक, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालें और अच्छी तरह से मलाएं।
4. मध्यम आंच पर एक कड़ाही में थोड़ा मक्खन पिघलाएं। अंडे के दूध के मिश्रण में दो ब्रेड स्लाइस को समानांतर रूप से डुबोएं, ध्यान से इसे अपने हाथों से एक बार पलटें।
5. एक बार जब दोनों तरफ से कोटिंग हो जाए, तो उन्हें बाहर निकालें और गर्म तवे पर रखें।
6. एक बार दोनों तरफ से हो जाने के बाद, उन्हें बाहर उठाएं और उन्हें वायर कूलिंग रैक या किचन पेपर टॉवल से ढकी प्लेट पर रखें।
7. बची हुई ब्रेड को तब तक डुबाना, भिगोना और तलना जारी रखें जब तक कि सभी स्लाइसेज रेडी पूरी ना हो जाएं।
8. एक बार जब यह सब हो जाए, तो एक प्लेट में रखें और ऊपर से प्याज-टमाटर मसाला और चाट मसाला छिड़कें। मसाला फ्रेंच टोस्ट तैयार है।


## शब्द सामर्थ्य- 340

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |